राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☎0141–2722520

क्रमांकः प.14(44)RSMSSB / अर्थना / लिपिक ग्रेड– ।। / 2018 / 1672 दिनांकः 4/2/2020

–:: विज्ञप्ति ::–

लिपिक ग्रेड– ।। / कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु अंतिम अवसर बाबत

बोर्ड द्वारा लिपिक ग्रेड– ।। / कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 का दिनांक 25.10.2019 को परीक्षा परिणाम जारी कर गैर अनुसूचित क्षेत्र के 17451 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 977 अभ्यर्थियों को वरीयता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों के 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया था। इन सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य दिनांक 23.12.2019 से **Center-1 गुरू नानक संस्थान, आदर्श नगर, जयपुर एवं Center-2 राजकीय बालिका सीनियर सैकण्डरी स्कूल, आदर्श नगर, जयपुर** पर करवाया जा रहा है।

लिपिक ग्रेड– ।। / कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में **दिनांक 24.01.2020 से दिनांक 07.02.2020 तक पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित रहे सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है** कि वे निम्नानुसार पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंवें :–

क्र.सं.	पात्रता की जांच हेतु आयोजित निम्नलिखित दिनांक में अनुपस्थित अभ्यर्थी	अनुपस्थित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु आगामी दिनांक	पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होने का स्थान
1.	दिनांक 24.01.2020 से 07.02.2020 तक तथा **पूर्व में भी जो अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे हैं।**	08.02.2020	**गुरू नानक संस्थान, आदर्श नगर, जयपुर**

उक्त दिनांक को निर्धारित स्थान पर उपस्थित नहीं होने पर इन अभ्यर्थियों का कनिष्ठ सहायक / लिपिक ग्रेड– ।। के पद पर चयन के लिये विचार नहीं किया जाएगा। इसके बाद इन्हें कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। कृपया विस्तृत सूचना के लिए बोर्ड की वेबसाईट http://www.rsmssb.rajasthan.gov.in आवश्यक रूप से देखें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव